बिहार सरकार,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

## दीर्घा सहायक/तकनीकी सहायक के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार (सामान्य प्रशासन) विभाग के संकल्प संख्या–2401, दिनांक–18.07.2007 के आलोक में, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, (संग्रहालय निदेशालय), बिहार के अन्तर्गत संग्रहालय निदेशालय एवं राजकीय संग्रहालय में दीर्घा सहायक/तकनीकी सहायक आदि के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद/सेवा का नाम | दीर्घा सहायक/तकनीकी सहायक/समकक्ष पद |
| 2. | रिक्त पदों की संख्या | 15(पन्द्रह) |
| 3. | आरक्षण | अनुसूचित जाति–03, अनुसूचित जनजाति–01, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–05 (महिला–2), पिछड़ा वर्ग–02, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग–01, गैर आरक्षित वर्ग–03 |
| 4. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति या पुरातत्व अथवा प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन अथवा प्राचीन भारतीय एवं कला इतिहास अथवा प्राचीन भारतीय इतिहास एवं कला इतिहास अथवा प्राचीन भारतीय कला एवं वास्तुकला विषयों के साथ स्नात्तकोत्तर डिग्री, न्यूनतम 55% अंक के साथ। |
| 5. | वांछनीय | |
| (क) | | संग्रहालय विज्ञान में स्नात्तकोत्तर अथवा पी0 जी0 डिप्लोमा इन आरक्योलॉजी |
| (ख) | | संग्रहालय अथवा पुरातत्व परियोजना में कार्य अनुभव |
| 6. | आयु | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष 01.01.2024 के आधार पर |
| 7. | मासिक नियत संविदा राशि | मासिक ₹ 49,000/– नियत संविदा राशि दी जाएगी |

8. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति को सरकारी सेवक के रूप में मान्यता नहीं होगी और नियोजन के पश्चात सरकारी सेवा में नियमितिकरण का दावा मान्य नहीं होगा।
9. संविदा के आधार पर नियोजित कर्मी को सरकारी सेवक की तरह अवकाश अनुमान्य नहीं होगा, सरकारी सेवक की तरह आकस्मिक अवकाश मात्र अनुमान्य होगा।
10. अनुबन्ध के आधार पर नियोजन अवधि समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति का पुनर्नियोजन नहीं होता है, तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उनका नियोजन स्वतः समाप्त हो जायेगा और इसके लिए किसी प्रकार का आदेश निर्गत करना अपेक्षित नहीं होगा।
11. नियोक्ता एवं अनुबंध के आधार पर नियुक्ति किये जाने वाले व्यक्ति के बीच विहित प्रपत्र में एकरारनामा सम्पन्न किया जायेगा।
12. आवेदन पत्र के लिए विहित प्रपत्र का प्रारूप कम्प्यूटर द्वारा टंकित होना चाहिए।

13. आवेदन निबंधित डाक के माध्यम से दिनांक 15.03.2024 तक निदेशक, संग्रहालय, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार कमरा नम्बर–329, विकास भवन, तीसरी मंजिल, पटना–800015 के द्वारा प्राप्त किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर विचारणीय नहीं होगा।

14. विज्ञापन के निरस्त / स्थगित एवं संशोधन का अधिकार विभाग को प्राप्त है।

आवेदन पत्र का प्रारूप

15.

1. पद का नाम –
2. उम्मीदवार का नाम –
3. पिता / पति का नाम –
4. जन्म तिथि (01.01.2024 के आधार पर) –
5. शैक्षणिक योग्यता –
6. वांछनीय योग्यता –
7. अनुभव –
8. स्थायी पता –
9. पत्राचार का पता (फोन न0 ई–मेल आई.डी. सहित) –
10. आरक्षण कोटि –

नोटः आवेदन पत्र के साथ जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

(राहुल कुमार)
निदेशक, संग्रहालय, बिहार।

ज्ञापांक 51 पटना, दिनांक 13/2/24

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को आठ प्रतियाँ एवं एक सी0डी0 संलग्न कर प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(राहुल कुमार)
निदेशक, संग्रहालय, बिहार।

18 varsha